# साहित्य अकादमी सचिव को मिला फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशिंग पुरस्कार



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव को यहां द फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स की ओर से आयोजित 44वें पुरस्कार समारोह में फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीराव को यह पुरस्कार भारतीय प्रकाशन उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार उन्हें सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड न्यायाधीश हिमा कोहली तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने प्रदान किया।

समारोह में साहित्य अकादमी की प्रकाशित संस्कृत पत्रिका 'संस्कृत प्रतिभा' को प्रथम, हिन्दी पत्रिका 'समकालीन भारतीय साहित्य' और बाल साहित्य प्रकाशन को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स प्रतिवर्ष प्रकाशन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार देती है।